**खबर संक्षेप**



### कुंदहरी के पास अज्ञात वाहन ने दो बाइक को मारी टक्कर, एक युवक की मौत

**सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र में सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे राम पथ गमन हाईवे पर कुंदहरी गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने दो बाइकों को टक्कर मार दी। हादसे में मसनहा निवासी रामनाथ कुशवाहा 42 वर्ष की मौके पर मौत हो गई,जबकि इचौल निवासी रोशन कुशवाहा और लालपुर निवासी अमित कुशवाहा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल 100 ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक रामनाथ के शव को उचेहरा अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया है। परिजनों ने बताया कि दो बाइकों पर चार लोग सवार थे। एक बाइक पर मृतक रामनाथ अपनी पत्नी के साथ था,जबकि दूसरी बाइक पर रोशन और अमित सवार थे। सभी सतना के सन साइन मैरिज गार्डन में एक पारिवारिक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक संपन्न

**सतना।** सोमवार को संपन्न समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान बताया कि सतना जिले 20वें स्थान पर है। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिन विभागों के प्रकरण अधिक संख्या में लंबित है। सीएम हेल्पलाइन और ई-केवायसी कार्य का निराकरण तीन दिवस में करना सुनिश्चित करे।बैठक में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,एसडीएम राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे,आरएन खरे,जितेंद्र वर्मा,सुधीर बेक,एएसपी शिवेश सिंह बघेल सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### जिला सैनिक कल्याण अधिकारी 11 जून को तहसील बिरसिंहपुर के पिपरी टोला में

**सतना।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सतना कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) द्वारा जिले के भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओं के कल्याणार्थ जानकारी तथा उनकी समस्याये सुनने के लिये 11 जून को प्रातः 11.30 बजे तहसील बिरसिंहपुर के पिपरी टोला में उपस्थित रहेगें। जिसमें सभी भूतपूर्व सैनिको एवं उनकी विधवाओ से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

**अफरातफरी का माहौल रहा, 6 दमकल गाड़ियों ने सवा घंटे में पाया काबू, आसपास की दुकानें खाली कराईं**

# गहरा नाला के पास टायर गोदाम में भड़की भीषण आग



सतना। कोलगवां थाना के रीवा रोड गहरानाला इलाके में सोमवार शाम एक टायर गोदाम में भीषण आग लग गई। घटना के कारण यहां अफरा तफरी मच गई। आग इतनी तेज थी कि मौके पर पहले 4 और फिर 2 दमकल गाड़ियां बुलानी पड़ीं। करीब सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना शाम करीब 5 बजे की है। गहरानाला इलाके में लकी मोंगिया की टायर गोदाम है। जहां पुराने टायरों में रबड़िंग का काम होता है।



इसी गोदाम में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की दमकल टीम चार गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर धुआं इतना घना था कि आग बुझाने में दिक्कतें आ रही थी। बाद में दो और दमकल गाड़ियां बुलाई गईं। कुल 6 गाड़ियों की मदद से करीब सवा घंटे में आग पर काबू पाया गया। कोलगवां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास की दुकानों को खाली कराया और गोदाम के पास खड़े वाहनों को हटवाया।

### रिहायशी इलाके में गोदाम

गोदाम रिहायशी इलाके में स्थित है। जानकारी के मुताबिक शहर में टायर गोदाम में आग लगने की यह तीसरी घटना है। इससे पहले कोलगवां थाना क्षेत्र के बदखर इलाके और शुक्ला बरदाडीह में भी इसी तरह की आगजनी हो चुकी है। फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। प्रशासन द्वारा जांच की जा रही है।



# दहेज प्रताड़ना केस वापस नहीं लेने पर पत्नी की पिटाई

### रिकॉर्ड करना चाहता था सुलह की बात, नहीं मानने पर लाठी से पीटा

**सतना।** उचेहरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक महिला पर उसके पति ने लाठी से हमला कर दिया। महिला प्रभा सेन पहले से दहेज प्रताड़ना के केस में अपने पति के खिलाफ शिकायत कर चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि केस वापस न लेने पर हमला किया गया। घटना के बाद प्रभा सेन को पहले उचेहरा अस्पताल ले जाया गया। जहां से हालत बिगड़ने पर उन्हें सतना जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### छह साल पहले हुई थी शादी

प्रभा सेन की शादी छह साल पहले विनय सेन से हुई थी। परिजनों के मुताबिक विवाद की वजह प्रभा के पिता श्यामलाल सेन की सरकारी नौकरी और उसकी सैलरी थी। ससुराल पक्ष प्रभा से दुकान खोलने के लिए पैसे मांगता था। मना करने पर मारपीट की जाती थी।

### रिकॉर्ड करना चाहता था

प्रभा के परिवार ने बताया कि 15 मई को विनय सेन उसे मायके से वापस ले गया था। 9 जून की सुबह



वह प्रभा से सुलह की बात कहलवाने के लिए दबाव बना रहा था और इसकी रिकॉर्डिंग भी करना चाहता था। जब प्रभा ने मना कर दिया,तो उस पर लाठी से हमला कर दिया। प्रभा की बहन अलंकृता सेन ने बताया कि जब मैंने बीच-बचाव किया तो मुझे जान से मारने की धमकी दी गई। ससुर रामकिशोर सेन,जेठ विनोद सेन,पति विनय सेन और देवर रामानंद सेन सुबह से केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे। टीआई सतीश मिश्रा ने बताया,घायल का कथन लेते हुए मामला कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है। प्रभा ने पहले थाने में शिकायत की थी, जो बाद में कोर्ट तक पहुंची। रविवार की घटना उसी केस को वापस न लेने की वजह से हुई। इस घर में प्रभा की बहन अलंकृता की भी शादी हुई है।

# रेलवे की अंधेरी पुलिया से आवागमन बंद करेगा रेल प्रशासन

### पानी निकासी के लिए ब्रिटिश काल में बनाई गई थी पुलिया

**सतना।** पश्चिम मध्य रेलवे के सतना रेलवे जंक्शन में ब्रिटिश काल के दौरान पानी की निकासी के लिए बनाई गई रेलवे की अंधेरी पुलिया से अब लोगों का आवागमन बंद कर दिया जाएगा। रेल प्रशासन ने अंधेरी पुलिया की दोनों ओर के रास्ते को बंद करने के लिए चेतावनी भी लिख दिया है। वर्षों से शहरवासी इसका उपयोग शॉर्टकट मार्ग के रूप में करते आ रहे हैं। इस मार्ग से लोग बिना ट्रैफिक और भीड़ के सीधे मुख्य बाजार क्षेत्र तक पहुंच जाते हैं। रेलवे प्रशासन ने इस पुलिया को 'पानी निकासी मार्ग' घोषित कर दिया है। पुलिया के दोनों सिरों पर चेतावनी लिख दी गई है। पुलिया का एक हिस्सा पहले ही बंद किया जा चुका है। सतना रेलवे जंक्शन शहर को पूर्व और पश्चिम दिशा में बांटता




है। ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी मुख्त्यारगंज रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जारी है। इस वजह से वह रास्ता पूरी तरह चालू नहीं है। प्रेमनगर अंडरब्रिज और रेलवे ओवरब्रिज पर पहले से ही भारी ट्रैफिक है। अंधेरी पुलिया बंद होने से दोपहिया वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को परेशानी होगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार,अंधेरी पुलिया कभी भी आम रास्ता नहीं थी। यह केवल रेलवे की पानी निकासी के लिए बनाई गई थी। रेलवे स्टेशन का विस्तार वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के अनुसार किया जा रहा है। इसलिए जल्द ही इस पुलिया को आवागमन के लिए बंद कर दिया जाएगा।

# गर्मी ने किया बेहाल, 5 दिन में 8 डिग्री बढ़ा पारा, 42.9 डिग्री पर पहुंचा



**सतना।** आंधी,पानी और गरज चमक के बीच नौतपा भले ही खत्म हो गया हो लेकिन गर्मी अब लोगों को बेहाल करने पर आमादा है। मानसून आने से पहले तेज गर्म हवाओं ने शहर में दिन-रात पारा बढ़ा दिया है। पिछले 5 दिनों में अधिकतम तापमान में 8 डिग्री की तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। रविवार को अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री दर्ज किया गया था, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक है। न्यूनतम तापमान भी बढ़कर 28.5 डिग्री पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 42.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि पश्चिम दिशा से आ रही गर्म हवाओं के कारण तापमान में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि हवा में नमी होने से बादलों की हल्की सक्रियता बनी हुई है। गर्मी के कारण लोग दोपहर में घर से निकलने से परहेज कर रहे हैं। लेकिन जरूरत पड़ने पर मजबूरी में उन्हें निकलना भी पड़ रहा है। सुबह से तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों से निकलने में हिचकिचाए। दोपहर में शहर और ग्रामीण इलाकों की कई सड़कों पर सन्नाटा देखा गया। शाम के बाद ही लोग घरों से बाहर निकले,जिससे सड़कों पर फिर भीड़ नजर आई। तापमान बढ़ने का दौर जारी रहेगा मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले कुछ दिनों तक तापमान में बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी रहेगा,जबकि मानसून अभी दूर है।

**गर्मी से बचने शीतल जल का ले रहे सहारा**

गर्मी से बचने के लिए लोग ठंडा पानी का सहारा ले रहे हैं। इसके अलावा लोग फलों के रस, गन्ने का रस और नारियल पानी पी रहे हैं। इसी प्रकार बर्फ का गोला और शिकंजी के ठेलों में लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

### वरिष्ठ समाजसेवी एवं शारदा प्रबंधन समिति के सदस्य की अच्छी पहल

**मैहर।** शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति मैहर के सदस्य सचिन मिश्रा द्वारा वृद्धआश्रम भवन का निरीक्षण किया गया एवं वृद्धजनों से उनकी समस्याओं को सुना गया तथा वृद्ध आश्रम प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि वृद्ध जनों की संपूर्ण व्यवस्थाओं की देखरेख गुणवत्तापूर्ण तरीके से की जाए एवं वृद्ध आश्रम भवन जो जगह-जगह से बारिश में सीपेज है उसकी मरम्मत का कार्य शीघ्र कराया जाए आश्रम प्रबंधन को हिदायत दी की वृद्ध जनों को किसी भी प्रकार की कोई तकलीफ ना पहुंचे इसका विशेष ध्यान रखें। मैं समय-समय पर आकर निरीक्षण करता रहूंगा।



# बाढ प्रभावित सड़कों के रपटों पर वार्निंग साइन बोर्ड और रस्सी लगायें: कलेक्टर

### आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ नियंत्रण संबंधी बैठक संपन्न

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने जिले में आगामी वर्षा काल में अतिवृष्टि एवं बाढ़ से उत्पन्न स्थितियों में राहत और बचाव संबंधी सभी तैयारियां मानसून के पूर्व तक सुनिश्चित कर लेने के निर्देश दिये हैं। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन एवं बाढ़ राहत एवं बचाव संबंधी तैयारियों की बैठक में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों एवं निचले स्थानों के संभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत एवं बचाव की पूरी तैयारी रखें। बैठक में अपर कलेक्टर स्वप्निल वानखडे,सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना,एसडीएम राहुल सिलाडिया, एलआर जांगडे, आरएन खरे, जितेंद्र वर्मा,सुधीर बेक, एएसपी शिवेश सिंह बघेल सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार इस सीजन में अच्छी वर्षा की संभावना व्यक्त की जा रही है। कलेक्टर ने तहसील स्तर के सभी वर्षा मापी केन्द्रों का निरीक्षण/जांच करने के निर्देश एवं जिन केन्द्रों के वर्षा मापी यंत्र खराब है। उन केन्द्रों पर नये वर्षा मापी केन्द्र लगाने के निर्देश एसडीएम को दिये। साथ ही वर्षा मापी केन्द्रों में कार्यरत कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिये। बाढ प्रभावित ग्रामों का जोखिम निर्धारण,पुल-पुलिया,रपटों की जानकारी तैयार करने तथा ग्राम पंचायतों की बाढ प्रभावित सडकों के रपटों पर वार्निंग साइन बोर्ड, रस्सी लगाने तथा वार्निंग जारी करने एवं ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारियों की डयूटी लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। वर्षा पूर्व सभी नालों की साफ-सफाई कराने, संवेदनशील क्षेत्रों का सतत निरीक्षण कर चिन्हित करने,अतिक्रमण हटाने एवं पानी की निकासी हेतु अतिक्रमण को तुरंत हटाने जनपद पंचायत के सीईओ तथा नगरीय निकाय के सीएमओ को इस संबंध में की गई कार्यवाही की जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिये। अतिवर्षा एवं बाढ से निपटने



की पूर्व तैयारियां/कार्यवाही विभागवार सौपे तथा अतिवर्षा से हुई क्षति का आंकलन कर जानकारी तैयार कर पोर्टल में दर्ज कराने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर ने कहा कि जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ नियंत्रण केन्द्र स्थापित कर कर्मचारियों की डयूटी लगायें। तहसील स्तर पर भी बैठक लेकर तैयारी एवं व्यवस्था संबंधी कार्य एसडीएम,सीईओ तथा पुलिस अधिकारी सुनिश्चित करें। बैठक में जन प्रतिनिधियों को भी शामिल करें। जीर्ण-शीर्ण भवनों को गिराने,खाली कराने की कार्यवाही शुरू करें। जिला शिक्षा अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण कर जीर्ण-शीर्ण स्कूल भवनों को चिन्हित कर जानकारी देना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने बताया कि खनिज विभाग की जिन खदानों में बच्चों के डूबने की घटनायें होती है।उन खदानों को बंद करने या बेरिकेटिंग करने तथा सडक किनारे बिना जगत के कुओं, गड्ढों को भी बंद करने अथवा बेरिकेटिंग करने के निर्देश कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिये। जिले के जनपद पंचायत के सीईओ और नगरीय निकाय के सीएमओ से जल-जमाव से प्रभावित होने वाले इलाकों की सूची मंगाए और आवश्यकता पड़ने पर प्रभावितों को कहां शिफ्ट किया जाएगा,उन स्कूल,पंचायत अन्य भवनों की सूची भी मंगाए। कलेक्टर ने लोक निर्माण और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को पुल-पुलिया पर पानी की स्थिति में बैरियर एवं सूचना पटल लगाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय एक सप्ताह के अंदर नाले और नालियों की सफाई का कार्य पूर्ण कर लें,ताकि जल-जमाव नहीं हो। कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को बड़े बांधों के जल स्तर पर निगाह रखने और बरसात में क्षतिग्रस्त हो सकने वाले बांधों की मरम्मत के निर्देश भी दिये। उन्होंने बाढ नियंत्रण के संबंध में बिन्दुवार तथा विभागवार जिम्मेदारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्षा काल में होमगार्ड की बचाव टीम मुख्यालय में तैनात रहेगी और डीआरसी टीम जिले के विभिन्न थानों पर तैनात की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से हुई मौत, 11 हजार विद्युत करंट की चपेट में आया व्यक्ति



**पन्ना।** जिले के अमानगंज तहसील अंतर्गत आने वाले विक्रमपुर ग्राम में करंट लग जाने से एक 55 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर लगभग 12 से 1:00 के बीच 55 वर्षीय व्यक्ति रूपलाल पिता राम प्यारे पाल निवासी जसवंतपुरा हाल निवास विक्रमपुर ग्राम में सूखा नाला के पास पत्ती काटते वक्त 11000 केवी विद्युत तार की चपेट में आ गया और उक्त व्यक्ति की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजनों द्वारा अमनगंज पुलिस को दी जिस पर अमानगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही उपरांत शव को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पोस्टमार्टम हेतु भेजा।

### राजेश तिवारी का सड़क दुर्घटना में निधन



**अमानगंज।** पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अमानगंज की प्रथम महिला श्रीमती पुष्पा तिवारी के सुपुत्र राजेश तिवारी के इस सड़क दुर्घटना के निधन पर नगर के गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकार बंधुओ ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और 1 मिनट तक मौन धारण किया

### 6 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उनि अनिल सिंह राजपूत को दिनांक 09/06/025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर माननीय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महोदय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 03/19 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट 11/13 म.प्र. डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम में 06 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी रामजस यादव पिता विजय यादव निवासी दोहा थाना बाँदा देहात जिला- बाँदा (उ.प्र.) को पुलिस के द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

# तन-मन-धन से सेवा करने वाले सेना में पदस्थ सूबेदार

## अपने गांव व क्षेत्र के लोगों के दुख के समय मदद में जाने गये पुष्पेन्द्र तिवारी

**माता-पिता के संस्कारों के चलते जहां सेना में भी देश की रक्षा के साथ-साथ अपनों की पीड़ा को भी संवेदनशीलता के साथ दूर करने का प्रयास तन-मन-धन से सदैव मददगार की भूमिका निभाने वाले सेना में पदस्थ सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी जब ग्राम दनवारा के प्रेमशंकर द्विवेदी के घर में आग लगने से पूरा घर जलकर खाक हो गया वहीं पीड़ति परिवार की मदद में शासन की तरफ से 15 हजार रूपये की राशि खाते में आये साथ ही सेना में पदस्थ सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी अपने गांव दनवारा में ही मौजूद थे जिन्होंने आगे बढकर 21 हजार रूपये का चेक प्रेमशंकर दिवेदी को भेंट किया। दुख के समय संवेदनशीलता के साथ मदद की भूमिका में जाने गये।**

**पन्ना।** माता-पिता से मिले संस्कार वहीं सेना में जो अनुशासन व देश के प्रति कर्तव्य निर्वाहन को लेकर अलग ही जाना जाता है। तन-मन-धन से देश के लिये समर्पित सेना के जवान हों या अधिकारी सीमा से लेकर जमीन में गृह ग्राम तक इनकी सोच अलग ही मिशाल बनती है। वह अनूठी मिशाल पन्ना जिले के सिमरिया कस्बे के पास ग्राम दनवारा में जब प्रेमशंकर द्विवेदी के घर में आग लग गई पूरा घर जलकर खाक हो गया उसी समय सेना में पदस्थ सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी ने जहां अपनी जान जोखिम में डालकर पहले तो आग बुझाने का काम किया। साथ ही कुछ समय बाद प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी के रूप में तहसीलदार पहुंचे जिन्होंने पंचनामा बनाकर 15 हजार रूपये की राशि उनके खाते में डलवाने की



बात कहीं। उसी समय सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी भी मौजूद थे जिन्होंने 21 हजार रूपये की आर्थिक सहायता के रूप में भी प्रेमशंकर द्विवेदी को भेंट किया। क्योंकि प्रेमशंकर द्विवेदी के घर व घर में रखा सामान गृहस्थी का जो जलकर खाक हो गया उसको ध्यान में रखकर पीड़ति परिवार की मदद करने को लेकर सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच जानी गई। यही है संस्कार जो माता-पिता से मिलते है वहीं देश की सेवा में सेना में जो पाठ पढाया जाता है अनुशासन व देश की सुरक्षा को लेकर सदैव कुर्बान रहने की भूमिका वहीं अपनी जमीन गृह ग्राम दनवारा में सेना में पदस्थ सुबेदार पुष्पेन्द्र तिवारी की सोच एक बार फिर चर्चा में आपके द्वारा वैसे भी अपने गांव से लेकर आस-पास तक नेक इरादे जाने जाते है। आपके गांव में हर घर में पैदा होने वाली बेटी के जन्म में 5 हजार वहीं शिक्षा के क्षेत्र में बोर्ड परीक्षाओं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वालों को 10 हजार रूपये व हवाई यात्रा दिल्ली तक कराये जाने को लेकर छात्र-छात्राओं का उत्साह बढाया जिसके चलते शिक्षा के क्षेत्र में भी ग्राम दनवारा में अब छात्र-छात्राओं का परिणाम ही स्वमेव साक्षी है। वहीं दुख की घड़ी में भी पुष्पेन्द्र तिवारी की संवेदनशीलता मददगार के रूप में चर्चा में। यह अनुकरर्णीय समय को लेकर अगर सभी ग्रामीण मिलकर आगे आये तो हर संकट का मुकाबला मिलकर करने में एक दूसरे के लिये यह दिशा सदैव के लिये लाभकारी साबित हो सकती है।

# सागर लोकायुक्त ने रैपुरा तहसीलदार को 3 हजार की रिश्वत लेते किया गिरफ्तार



**पन्ना।** रैपुरा तहसीलदार इन्द्रमणी सोनी ने कल्याण सिंह लोधी, कुम्हारी, तहसील पटेरा, जिला दमोह से उनकी पत्नी के नाम पिपरिया कलॉ जमीन पर 'अतिक्रमण हटाने पर पर मांगी थी 3 हजार की रिश्वत। पन्ना न्यायलयीन प्रकरण में' धारा 250 भू राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत दिनांक 26-12-24 को' द्रौपदी बाई की ओर से वाद दायर किया गया था।' उक्त प्रकरण में' आरोपी द्वारा आदेश करने के लिए द्रौपदी बाई के पति कल्याण सिंह लोधी से 9000/-रुपये रिश्वत की माँग की गई एवं 4000/-रुपये अपने प्राइवेट चालक इंद्र पाल सिंह लोधी के माध्यम से ले भी लिए गए, इसके बाद भी आदेश न देने पर कल्याण सिंह लोधी द्वारा लोकायुक्त पुलिस सागर से संपर्क किया गया। आवेदक के आवेदन की जांच पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त योगेश्वर शर्मा द्वारा निरीक्षक श्रीमती रोशनी जैन से करायी गई तो शिकायत सत्य पायी गई, सत्यापन के दौरान आरोपी आवेदक से 3000/- रुपये लेने को सहमत हो गया। लोकायुक्त पुलिस सागर द्वारा आज दिनांक 09-06-25 को की गई ट्रैप कार्यवाही में आरोपी को उसके शासकीय आवास में 3000/-रुपये लेते हुए पकड़ा गया। अग्रिम कार्यवाही जारी है। ट्रेपकर्ता अधिकारी निरीक्षक श्रीमती रोशनी जैन, ट्रेप सदस्य टीम- निरीक्षक अभिषेक वर्मा, निरीक्षक के पी एस बेन तथा लोकायुक्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# भगवान श्रीकृष्ण के जन्म में झूमे भक्त

## सत्यम पैलेस में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन हुआ भगवान श्री कृष्ण का जन्म

**पन्ना।** जिले के अमानगंज नगर मे स्थित सत्यम पैलेस मे नगर के चतुर्वेदी परिवार की चल रही श्रीमद् भागवत संगीतमय कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्म पूरे उत्साह के बीच कथा में आयोजित किया गया इसके लिए घर परिजनों द्वारा मंच को आकर्षक तरीके से सजाया गया चारों ओर भक्तों की बैठने की विशेष व्यवस्था जमाई गई जैसे ही भगवान के जन्म उत्सव का श्लोक प्रवक्ता दीपक शास्त्री जी के मुखारविंद से निकला तो चारों ओर भारी आतिशबाजी के साथ भक्तों द्वारा आकर्षक भजन भगवान के जन्म उत्सव के मौके पर सुनाई दिए कन्हैया लाल जी को माताये बहनों



द्वारा अपने अपने सिर पर रखकर खूब नृत्य कर भक्ति आनंद का रस लिया कथा के मुख्य प्रवक्ता दीपक कृष्ण शास्त्री जी ने भगवान कन्हैया लाल के जन्म उत्सव पर विशेष विचार और ज्ञान भक्तों में दिया कथा में मुख्य स्त्रोतों के रूप में श्रीमती गीता चतुर्वेदी उनके पुत्र हेमंत ज्ञान चतुर्वेदी सपत्नीक कथा का आनंद ज्ञान पुण्य लाभ ले रहे है आरती की उपरांत नाना प्रकार का प्रसाद जिसमें गुड का लड्डू दही लस्सी भक्तों ने खूब पाई1

# सेवा, सुशासन और कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण

## पवई विधायक कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

**पन्ना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में शक्ति केंद्र स्तर तक कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में रविवार को पवई विधायक कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे पुष्पराज सिंह परमार ने की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुश्री निधि पटेरिया, मंडल महामंत्री प्रतीक ताम्रकार, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यशाला में सरकार की 11 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओंकृकिसान सम्मान निधि,




उज्ज्वला योजना, लाड़ली बहना योजना, जन धन योजना, आयुष्मान भारत और तीर्थ दर्शन योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि ये योजनाएं गरीबों, किसानों, महिलाओं और वृद्धजनों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में मील का पत्थर साबित हुई हैं। इसके साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसमें 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस 25 जून आपातकाल के आयोजन की तैयारियों पर विचार-विमर्श हुआ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना और सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करना रहा।

# सुशील कुमार अहिरवार निरीक्षक होंगे रुस्तमजी अवॉर्ड से सम्मानित

**गुनौर।** गुनौर थाना में पदस्थ निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार तात्कालिक थाना प्रभारी सिमरिया का विशिष्ट श्रेणी में पुरस्कृत करने हेतु चयन किया गया है उन्हें उक्त पुरस्कार के तहत 50,000/-एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2021-2022 में सिमरिया थाना में पदस्थापना के दौरान निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के कारण उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। गौरतलब है की मध्य प्रदेश शासन गृह विभाग मंत्रालय भोपाल के राजपत्र में निहित प्रावधानों के अंतर्गत के.एफ. रुस्तमजी पुरस्कार पुलिस बल के साहसिक कार्यों एवं मानव सेवा की भावना को सम्मानित करने के उद्देश्य प्रदाय किया जाता है।



# राजसात ट्रॉली बेचने पर वन रक्षक सस्पेंड एफआईआर के लिए लिखा पत्र

## रक्षक ही बने भक्षक पन्ना टाइगर रिजर्व के वन, वन्य प्रणी एवं सामग्री असुरक्षित



**पन्ना।** मध्य प्रदेश की शान कहे जाने वाले टाइगर रिजर्व में अब कुछ रक्षक ही भक्षक बन चुके हैं जिससे वन संपदा, वन्य प्राणी से लेकर विभागीय सामग्री भी असुरक्षित बताई जा रही है। ताजा मामला वनरक्षक अनिल शुक्ला के द्वारा एक राजसात पुरानी ट्रॉली चोरी छिपे बेचने का मामला सामने आया है। मामला उजागर होने के बाद जब तहकीकात की गई तो सीसीटीवी में यह वारदात देखने के बाद प्रबंधन के द्वारा वनरक्षक अनिल शुक्ला को नोटिस जारी किया गया इसके बाद वनरक्षक ने आनन-फानन में पुरानी ट्रॉली जिसे खरीदने वाले व्यक्ति के द्वारा टुकड़ों में बांट दिया गया था उसे वापस मंगवा कर रख दिया गया, लेकिन वन रक्षक की चलाकी नहीं चल सकी, फिल्ड डायरेक्टर अंजना सुचिता तिर्की के निर्देश पर 7 जून 2025 को वनरक्षक अनिल शुक्ला को सस्पेंड कर दिया गया है। इसके अलावा फील्ड डायरेक्टर के निर्देश पर रेंजर राहुल पुरोहित के द्वारा वनरक्षक पर एफआईआर के लिए मड़ला थाना पुलिस को पत्र लिखा गया था। संबंधित मामले को लेकर पन्ना टाइगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की से बात की ई जिन्होंने कार्यवाही संपेंशन तथा एफआईआर के लिये जो लेख किया गया है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत शिविर में शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को करें लाभांवित

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा कि भारत सरकार के महत्वाकांक्षी धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जिले के चिन्हांकित 108 ग्रामों में शिविर के जरिए शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को संबंधित विभागों की चिन्हित योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए। अभियान में आगामी 15 से 30 जून तक संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त रूप से कैंप लगाए जाएंगे। इस संबंध में जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग आर.के. सतनामी को अविलंब विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शिविर के सफल संचालन के संबंध में निर्देशित किया गया। इसके अलावा टीएल बैठक में आगामी तीन माह में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के समस्त स्वत्वों के समय पर भुगतान के लिए विभाग प्रमुखों को जिला पेंशन कार्यालय में तत्काल पेंशन प्रकरण तैयार कर प्रेषित करने के लिए कहा। साथ ही ई-ऑफिस परियोजना अंतर्गत जिले की प्रगति न्यून होने के कारण ऑनबोर्ड हो चुके विभागों को ई फाइल



जनरेशन के निर्देश दिए। अब तक शिक्षा विभाग सहित ई-ऑफिस के क्रियान्वयन में आवश्यक कार्यवाही से शेष विभागों के अधिकारियों को भी एक सप्ताह में वांछित प्रक्रिया पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कोषालय के आईएफएमआईएस सॉफ्टवेयर पर कुछ विभागों द्वारा अधिकारी कर्मचारियों के एम्पलाई आईडी से समग्र सत्यापन में देरी पर नाराजगी जताई और संबंधित आहरण-संवितरण अधिकारी, संबंधित लोक सेवक और वेतन देयक तैयार करने वाले लिपिक के वेतन आहरण पर रोक लगाने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। कलेक्टर श्री कुमार ने बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समस्त विभागों द्वारा समन्वित प्रयास, कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में आगामी 12 जून को सागर में प्रस्तावित संभागीय समीक्षा बैठक की पूर्व तैयारी, शासन के निर्देशानुसार थानावार एमएलसी पोर्टल से मेडिको लीगल केस के ऑनलाइन रिक्वेस्ट और रिपोर्ट जनरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने, स्वरोजगारमूलक योजनाओं वाले विभागों द्वारा प्रतिमाह लक्ष्य मुताबिक स्वीकृत प्रकरणों के वितरण, नवीन शैक्षणिक सत्र में स्कूली विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति प्रकरणों के समय पर निराकरण के लिए 16 जून को विद्यालय प्रारंभ होने के पूर्व तक शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा आवश्यक तैयारी, समग्र ई-केवायसी में प्रगति के लिए निकायवार अभियान मोड में कार्य कर तेजी लाने, समग्र पोर्टल पर पेंशनर ई-केवायसी कार्य की पूर्णता सहित मुद्रा लोन वितरण कार्य में प्रगति के निर्देश भी दिए।

# शराब के नशे में धुत बाइक चालक ने जोरदार मारी टक्कर, मौत

**अमानगंज, प्रतिनिधि।** नगर अमानगंज की गुनौर रोड ईटा भट्ठा के पास एक सड़क हादसे में नवयुवक की मोटर बाइक की टक्कर से मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी रामप्रकाश तिवारी पिता बाबूलाल तिवारी ने थाना अमानगंज में सूचना किया गत रविवार की रात के समय नीलेश चतुर्वेदी और राजेश तिवारी रात की लगभग 10:30 बजे गुनौर रोड की ओर प्रजापति के ईटा भट्ठा के पास घूमते हुए गए थे इस स्थान पर एक तेज मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 35 एम h99 22 काचालक आशीष चौधरी निवासी मुके हां जो कि शराब के नशे में लापरवाही एवं तेज गति से मोटर बाइक चला रहा था जिसके द्वारा राजेश तिवारी को तेज गति से टक्कर मार दी गई टक्कर के लगते ही राजेश तिवारी सड़क पर गिर गया और सर फट जाने के कारण नवयुवक की मौत हो गई निलेश चौबे के द्वारा उक्त घटना की जानकारी फोन के माध्यम से दी गई तभी डायल 100 मौके पर पहुंची और मोटर बाइक एवं आशीष चौधरी और उसके साथ में बैठे दूसरे साथी को मौके से पुलिस ने पकड़ करके थाना पुलिस अमानगंज ले आई और आरोपी के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है सुबह राजेश तिवारी का पीएम उपरांत उनका सर्व परिजनों को सोपा गया और तिवारी परिवार के द्वारा अंतिम संस्कार मिरहासन नदी के किनारे श्मशान घाट में किया गया राजेश तिवारी के दुखद निधन के कारण तिवारी परिवार मैं सोक का माहौल देखा जा रहा है।

# पन्ना टाईगर रिजर्व पार्क में बाघिन टी-2 का योगदान, मरणोपरान्त बाघ पुर्नस्थापना में 21 संतानों को जन्म देकर बाघों का कुनबा बढाने में बना इतिहास

**टाईगर रिजर्व में जब बाघ विहीन स्थिति निर्मित थी वर्ष 2008 में बाघों के विलुप्त हो जाने के बाद पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघ पुर्नस्थापना योजना 2009 में प्रारंभ की गई जिसके अंतर्गत प्रथम बाघ के रूप में बाघिन टी-01 बांधवगढ टाईगर रिजर्व से 4 मार्च 2009 को लाई गई साथ ही इसी तरतम्य में 9 मार्च 2009 को बाघिन टी-02 कान्हा टाईगर रिजर्व से एयर फोर्स के विमान द्वारा पन्ना टाईगर रिजर्व में लाई गई थी। बाघिन - 02 को साफ्ट रिलीज करने हेतु 2 से 3 दिवस बड़गढ़ी में स्थित बाघ वाड़ा में रखा गया था इसके उपरांत बाघिन टी-02 को स्वछंद विचरण करने हेतु छोड़ दिया गया था। बाघिन - टी-02 द्वारा पेंच टाईगर से लाये गये नर बाघ टी-03 के प्रजनन कर 07 लिटर 21 संतानों को जन्म देने की खुशियां आई थी जो सदैव के लिये साक्षी है 4 पीढी तक के कुनबा बढाने में 02 बाघिन के मरणोपरांत आज अहम योगदान को लेकर चर्चा में है जो इतिहास पन्ना टाईगर रिजर्व में सदैव के लिये साक्षी बना।**

**पन्ना।** यहां कहानी टाईगर रिजर्व में बाघ पुर्नस्थापना को लेकर पुरी दुनिया में सफलता के मुकाम को लेकरसाबित हो चुकी है इसी कहानी में कहीं न कहीं बाघिन टी-02 जिसकी मृत्यु 28 मई 2025 को वन परिक्षेत्र देवेन्द्रगनर उत्तर वन मण्डल पन्ना में हुई थी। बाघिन टी-02 का लगभग 19 वर्ष आयु पूर्ण की गई थी जो किसी भी फ्री रेंजिंग बाघों की अधिकतम आयु में से एक है। वहीं पन्ना टाईगर रिजर्व में टी-02 के योगदान को लकर पार्क प्रबंधन भी कभी भूल नहीं पायेगा जो इतिहास पन्ना टाईगर रिजर्व में टी-02 बाघिन द्वारा बनाया गया मरणोपरांत भी बाघिन सदैव के लिये जानी जायेगी। गौरतलब बात यह है कि 2008 में पन्ना टाईगर रिजर्व से जब बाघों के विलुप्त होने की दास्तां सामने आई थी पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघ पुर्नस्थापना की योजना वर्ष 2009 में तत्कालीन पन्ना टाईगर रिजर्व के संचालक श्री आर. निवास मूर्ति के कार्यकाल में यह कहानी सफलता के मुकाम को लेकर समूची दुनिया में मिशाल के रूप में जानी गई है। इसकी दास्तां कहीं न कहीं कहानी के रूप में जानी जाती है। जो इतिहास बन चुकी है। पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघ पुर्नस्थापना योजना जो 2009 में आरंभ की गई जिसके अंतर्गत प्रथम बाघ के रूप में बाघिन टी-01 बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व से 4 मार्च 2009 को



लाई गई। इतना ही नहीं इसी क्रम में 9 मार्च 2009 को बाघिन टी-02 कान्हां टाईगर रिजर्व से एयर फोर्स के विमान के द्वारा पन्ना टाईगर रिजर्व में लाई गई थी। इतना ही नहीं बाघिन टी-02 को साफ्ट रिलीज करने हेतु दो से तीन दिवस तक बड़कड़ी स्थित बाघवाड़ा में रखा गया इसके उपरांत बाघिन टी-02 को स्वछंद विचरण करने हेतु छोड़ दिया गया। बाघिन टी-02 द्वारा पेंच टाईगर रिजर्व से नर बाघ टी-03 के साथ प्रजनन कर 07 लिटर संतानों को जन्म देने की खुशी जो इतिहास के रूप में साक्षी है। लिटर नं0 01 लिटर की साईज 04 जन्म दिनांक अक्टूबर 2010 लिटर नं0 02 लिटर की साईज 03 जन्म वर्ष 2012 तथा लिटर नं0 03 लिटर की साईज 04 जन्म दिनांक 13 जुलाई 2013 लिटर नं0 04 लिटर की साईज 03 जन्म दिनांक 23 अप्रैल 2015 लिटर नं0 05 लिटर की साईज 02 जन्म दिनांक 18 दिसम्बर 2016 लिटर नं0 06 लिटर की साईज 02 जन्म दिनांक 16 जून 2017 तथा लिटर नं0 07 लिटर की साईज 03 जन्म दिनांक जुलाई 2019 इस प्रकार से बाघिन टी-02 के द्वारा 7 लिटर में 21 संतानों को जन्म देने की कहानी सामने इतिहास के रूप में सदैव के लिये जानी जायेगी। बाघिन टी-02 की 4 पीढियों से कुल 85 संतानें है अपने पूरे जीवनकाल में बाघिन टी-02 का मूमेंट पन्ना टाईगर रिजर्व परिक्षेत्र हिनौता, गहरीघाट, पन्ना कोर, मड़ला, पन्ना गंगऊ अभ्यारण्य एवं उत्तर वन मण्डल पन्ना के देवेन्द्रनगर परिक्षेत्र में रहा। बाघिन टी-02 फेज-प्ट कैमरा ट्रेप वर्ष 2023-24 में पन्ना टाईगर रिजर्व अंतर्गत परिक्षेत्र हिनौता में केप्चर्ड हुई थी बाघिन के शावक पी-211 सतपुड़ा टाईगर रिजर्व वहीं पी-212 संजय टाईगर रिजर्व पी-242 रानीपुर वाल्ड लाईफ सेंचुरी पी-262 चित्रकूट के जंगल में पी-213 (21) बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व पी-213(22) सतना फॉरेस्ट डिवीजन चित्रकूट पी-213(23) सतपुड़ा टाईगर रिजर्व पी-213(33) संजय टाईगर रिजर्व सीधी पी-234-23(22) माधव नेशन पार्क शिवपुरी एवं पी-221, पी-231, पी-261, पन्ना लेंड स्केप में स्वछंद रूप से विचरण कर रहे है इस तरह से बाघिन टी-02 ने जो पन्ना टाईगर रिजर्व की बाघ पुर्नस्थापना योजना में योगदान दिया बाघों के कुनवा बढाने में 21 संतानें जिनका 85 की संख्या पहुंचाने में 4 पीढिया चर्चा में संतानों के रूप में है ऐसी बाघिन टी-02 की मृत्यु जो 28 मई 2025 को परिक्षेत्र देवेन्द्रगनर उत्तर वन मण्डल में हुई थी उसके बाद भी बाघिन का इतिहास बाघ पुर्नस्थापना को लेकर सफलता में सदैव के लिये पन्ना टाईगर रिजर्व में बन गया इतिहास वहीं बाघिन के योगदान बाघों के कुनवा बढाने में सदैव के लिये जाना जायेगा। पार्क प्रबंधन भी इस योगदान को कभी नहीं भुला पायेगा। गौरतलब बात यह है कि यह जानकारी पन्ना टाईगर रिजर्व क्षेत्र संचालक कार्यालय के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जारी की गई है। इस पूरी बाघ पुर्नस्थापना की सफलता में तत्कालीन पन्ना टाईगर रिजर्व के संचालक आर. श्रीनिवास मूर्ति की कार्यप्रणाली व उनकी निष्ठा मेहनत योगदान को लेकर भी आज भी याद किया जाता है उन पलों को वर्तमान समय में भी पन्ना टाईगर रिजर्व की क्षेत्र संचालक अंजना सुचिता तिर्की ने जो आज बाघिन टी-02 के योगदान की कहानी को साक्षा किया प्रेस विज्ञप्ति में योगदान के रूप में यह भी सदैव के लिये इतिहास में दर्ज होगी दास्तां। मरणोपरांत भी बाघिन टी-02 की दास्तां 21 संतोनों को जन्म देकर 4 पीढी बाघों के कुनबा बढाने में संख्या 85 तक पहुंचाने को लेकर जाना जायेगा। आज भी चर्चा में बाघिन टी-02 मरणोपरांत।

## खबर संक्षेप

### टैक्सी की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**छतरपुर।** महाराजपुर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह 9:30 बजे एक टैक्सी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतक सब्जी बेचने का काम करता था और सब्जी बेचकर अपने घर वापिस लौट रहा था, तभी दुर्घटना का शिकार हो गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम रिक्सा पुरवा निवासी चंदू कुशवाहा, महाराजपुर मंडी में सब्जी बेचकर अपनी बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार टैक्सी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे चंदू गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत महाराजपुर अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन हालत नाजुक होने के कारण उन्हें छतरपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उनकी मृत्यु की पुष्टि की।

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार दो फरार

**बक्सवाहा।** पुलिस ने रविवार को नादपोन के आगे खडेरी रोड पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से कुल 63 लीटर देशी शराब एवं एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। बरामद शराब की कीमत करीब 28 हजार रुपये तथा मोटर साइकिल की कीमत 25 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि पुलिस दल कस्बा भ्रमण के दौरान ग्राम वम्होरी पहुंचा था, जहां मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति ग्राम खडेरी से ग्राम नांदपौन की ओर अवैध शराब लेकर आ रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर ग्राम नांदपौन के आगे रोड पर एक बिना नंबर की काले-लाल रंग की सीटी-100 मोटरसाइकिल को रोका। जिनमें कुल 350 क्वाटर देशी मदिरा प्लेन ब्रांड शराब पाई गई।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**दमोह।** कोतवाली थाना क्षेत्र के हजारी की तलैया इलाके में एक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल 29 वर्षीय जितेंद्र अहिरवार ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। उसके साथ काम करने वाले एक युवक से पैसे को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के चलते आरोपी ने मौका पाकर उस पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में दो घायल

**दमोह।** जिले के बटियागढ़ थाना क्षेत्र और बक्सवाहा के बीच घने जंगल के पास हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोग बुरी तरह घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थर से भरी हुई खड़ी ट्राली से बाइक सवार टकरा गए जिससे दो गंभीर रूप से घायल हो गये जिनकी हालत गंभीर बताई गई है। मौके पर 108 वाहन ने पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया।

### दो पक्षों के बीच झड़प, 12 घायल

**दमोह ।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम खोजाखेड़ी में पुराने पारिवारिक विवाद और आपसी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर विवाद और मारपीट हुई। झड़प में दोनों पक्षों के कुल 12 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से एक को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत अत्यधिक शराब के सेवन और रोकटोक से हुई। पहले पक्ष के हुमक सिंह ने बताया कि हमारे लड़के को खेत से लौटते वक्त कुछ लोगों ने रोका, जब परिजन बचाने पहुंचे तो लखन सिंह, मम्मा, धर्मेंद्र, अज्जू और किशन ने लोहे की रॉड और फरसे से हमला कर दिया। इस हमले में अमूल सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सिवान्स सिंह सहित आठ लोग घायल हुए हैं, जिनमें से अमूल सिंह को गंभीर हालत में जबलपुर रेफर किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के धर्मेंद्र लोधी ने बताया कि हमारे पिता, चाचा और उनके बेटे के साथ मारपीट की गई।

# से.नि.वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक ने कलेक्टर को गुमराह करने भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने व गबनकर्ता को संरक्षण होने के लगाये आरोप

**सेवा सहकारी समिति सेंधपा समिति प्रबंधक को बचाने और अपने पद एवं अधिकारों के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के मामले को लेकर उपायुक्त सहकारिता छतरपुर की लोकायुक्त भोपाल में हुई शिकायत**

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर ।






सेवानिवृत्त वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक आर के शर्मा द्वारा लोकायुक्त को एक पत्र भेजकर शिकायत की गई है कि अरूण मश्राम प्रभारी उपायुक्त सहकारिता छतरपुर द्वारा अपराधिक साजिश कर 74,86,460 रूपये के गवनकर्ता प्रभारी समिति प्रबंधक सेंधपा एवं अन्य को बचाने में पद व अधिकारों का दुरूपयोग किया गया है। शिकायत में बताया गया है कि सेवा सहकारी समिति सेंधपा के प्रभारी समिति प्रबंधक राजमहेन्द्र सिंह के विरूद्ध संयुक्त आयुक्त सहकारिता सागर द्वारा लोक आयुक्त मध्यप्रदेश के निर्देश पर जांच में 74,86,460 रूपये का गवन किया जाना प्रमाणित प्रतिवेदित किया गया। पुलिस अधीक्षक सागर के पत्र तथा संयुक्त सहकारिता सागर के पत्र द्वारा निर्देश दिये गये थे। समिति के तत्कालीन प्रशासक अभिषेक राय द्वारा जानबूझकर समिति का मूल रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराये जाने से एवं शाखा प्रबंधक बड़ा मलहरा द्वारा पुलिस कार्यवाही में बिलम्बकारी नीति के कारण निर्णय न लेने के कारण उच्च न्यायालय में एक पिटीशन भी दायर की गई थी। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि अरूण कुमार मश्राम प्रभारी उपायुक्त सहकारिता, छतरपुर की विरूद्ध कूट रचना एवं जाल साजी कर पत्र दिनांक 11 मार्च 2025 जारी करने एवं राशि 74,86,460 रूपये के गवन कर्ता कर्मचारी को संरक्षण देकर कलेक्टर के पत्र दिनांक 2 मई 2025 पर कार्यवाही न कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने पदीय दायित्वों का निर्वहन न कर अधिकारों का घोर दुरूपयोग एवं पीसीएक्ट में अपराधिक प्रकरण दर्ज कराने व अन्य कार्यवाही की जाए।

## ग्राम हर्रई एवं बैलढाना रैयत में 40 लाख रुपये की लागत से बनेंगे सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्राम के लोगों को सामाजिक कार्यों के लिए यह उपयुक्त साबित होगा। गांव के लोगों को विवाह शादी करने में बहुत परेशानी होती है, क्योकि पहले के समय में गांव के स्कूलों में बारात रुक जाती थी। लेकिन अब बारात के लिए स्कूल मिलना बंद हो गए है। इसलिए मैने संकल्प लिया कि विधानसभा के प्रत्येक ग्राम में एक सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएं जिससे शादी विवाह के साथ अन्य सामाजिक कार्य संपन्न हो सके। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद तेंदूखेड़ा के ग्राम हर्रई में 25 लाख एवं बैलढाना रैयत में 15 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन करते हुए व्यक्त किए। राज्यमंत्री श्री लोधी ने कहा अभी तक विधानसभा में ऐसे 40 भवनों की स्वीकृति हो चुकी और आने वाले समय में और भवनों की स्वीकृत प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा सभी भवनों का निर्माण उच्च गणवत्ता के साथ किया जाए। सरकार ने राशि पर्याप्त दी है, अगर किसी प्रकार से कोई लापरवाही सामने आती है तो मुझे सूचित किया जाए ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगणों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

# तहसीलदार के आदेशानुसार कब्ज़ा दिलाई जमीन पर तार फैंसिंग, लोहे के एंगल लगाये

**सुबह खेत पर लोहे के एंगल और जाली चोर उखाड़ कर ले गए, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया मामला दर्ज अतिक्रमणकारियों ने घर में घुसकर की मारपीट, मामला दर्ज**

हरिभूमि न्यूज, छतरपुर ।




थाना लवकुशनगर के अंतर्गत ग्राम लक्ष्मनपुरा निवासी आवेदिका रानी पत्नी दिनेश मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती आवेदन पत्र में बताया है कि उसकी भूमि खसरा नं. 101 रकबा 0.441 स्थित मौजा लक्ष्मनपुर की जमीन का तहसीलदार लवकुशनगर के आदेशानुसार कब्जा हटाये जाने के आदेश पर पुलिस, आरआई, पटवारी बम्हौरी, मिढका, बम्हौरीपुरवा व लक्ष्मनपुरा के सामने कब्जा हटवाया गया। जिस पर आवेदिका ने अपनी जमीन पर लोहे के एंगल और तार फैंशिंग करवाई। जिस रात में अज्ञात चोर चुरा ले गए, पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। अतिक्रमणकारियों में चतुर्भुज उर्फ चतुरसिंह, कल्लू राजपूत, श्रीमती मन्नू राजपूत, श्रीमती निर्देश राजपूत, श्रीमती शिवकुमारी राजपूत एवं अन्य द्वारा घर में घुसकर मारपीट की गई। उक्त लोगों द्वारा सीमांकन होने के बावजूद भी कब्जा नहीं छोड़ा जा रहा था। जिस पर आवेदिका ने तहसीलदार लवकुशनगर के यहां कब्जा वापिसी हेतु प्रकरण प्रस्तुत किया। तहसीलदार के आदेशानुसार तार फैंशिंग करवाई, जाली लगवाई लेकिन उक्त लोगों की गुंडागर्दी खुलकर देखने को मिली। जबकि उक्त लोगों के नाम कोई भी जमीन स्थित नहीं है। तार फैंशिंग करने के बाद आवेदिका व उसके पति दिनेश एवं देवर नरेश मिश्रा अपने घर वापिस आ गये। थोड़ी देर बाद उक्त सभी लोग लाठी व कट्टा लेकर उसके घर आये और गाली-गलौच करते हुये घर के अंदर घुस आये और तीनों लोगों ने लाठी डण्डों से मारपीट की। जिससे नरेश मिश्रा के कंधे व दाहिनी जांघ में चोटें आईं। शोरगुल सुनकर हेमंत सिंह व रूपेन्द्र मिश्रा बीच बचाव किया। तभी उक्त लोग जाते जाते कह गये कि साले जान से मार देगें। आवेदिका के द्वारा इस घटना की रिपोर्ट थाना लवकुशनगर में दी गई। जिस पर अपराध क्र. 258/25 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला पंजीबद्ध किया गया। लेकिन लवकुशनगर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जिससे उक्त लोगों के हौसले बुलंद हैं। उक्त लोग आवेदिका की भूमि के अलावा गांव में 8 बीघा जमीन वन विभाग की एवं 20 बीघा अन्य भूमियों पर जबरन कब्जा किये हैं। उक्त लोगों के विरूद्ध कई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन है। और कई फरारियों को संरक्षण दे रहे हैं। आवेदिका व उसके परिवार को गांव छोडऩे की धमकी दी जा रही है। गांव न छोडऩे पर जान से मारने की धमकी व पुत्र का अपहरण करवाने की धमकी दी जा रही है। महिला ने पुलिस अधीक्षक से इस मामले में न्याय की गुहार लगाई है।

# राहवीर योजना के तहत घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगी 25 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि: कलेक्टर



**राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त बैठक करने के निर्देश**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न**

छतरपुर।

सोमवार को कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत तपस्या परिहार, एडीएम मिलिंद नागदेवे, सहायक कलेक्टर आशीष पाटिल, संयुक्त कलेक्टर बलवीर रमन, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री जैसवाल ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की सभी किसानों, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि वैज्ञानिकों की भागीदारी की स्थिति की विकासखंडवार समीक्षा की और कहा कि पंचायतों में कृषि रथ के बारे में सूचना सभी सीईओ एवं पंचायत स्तर के कर्मचारियों को दें। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि सभी बसों का सत्यापन शीघ्रता से पूर्ण करें, बीमा एवं परमिट नवीनीकरण की स्थिति की जांच करें, लगाए गए जुर्माने की जानकारी प्रस्तुत करें और कहा कि बसों एवं गाडियों के और निरीक्षण बढ़ाएं। एवं हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों के साथ समन्वय में बैठक लें और इन मामलों की नियमित व गहन समीक्षा करें, ताकि समय पर न्याय और सहायता सुनिश्चित की जा सके।

राहवीर योजना, गोल्डन आवर्स के बारे में जनसामान्य तक करें प्रचार - कलेक्टर श्री जैसवाल राहवीर योजना के प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया कि इस योजना की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे। इस योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले नागरिक 25 हजार की प्रोत्साहन राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी। इसका उद्देश्य आम जनता को मदद के लिए प्रेरित करना है। साथ ही उन्होंने गोल्डन ऑवर्स की अवधारणा को लेकर सीएमएचओ को निर्देशित किया कि इस महत्वपूर्ण समय के महत्व को जनसामान्य तक पहुंचाया जाए जिससे दुर्घटना के एक घंटे के भीतर उचित इलाज मिलने से घायल की जान बचाई जा सकती है।

**आधार से समग्र ई केवायसी में महाराजपुर सीएमओ को शोकॉज**

कलेक्टर श्री जैसवाल ने वर्षा पूर्व तैयारियों को लेकर सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करें जिसमें संभावित जलभराव वाले गांवों एवं पुल एव पुलियों की पहचान करें और समय-समय पर निरीक्षण कर जलमग्न वाले चिन्हित ग्रामों में पुल पुलियों की बैरीकेडिंग कराएं और सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आधार से समग्र की ई केवायसी की समीक्षा करते हुए नौगांव, लवकुशनगर, गौरिहार एवं बक्सवाहा को डुप्लीकेट समग्र में डिलीशन कराकर प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही डुप्लीकेट समग्र में डिलीशन में खराब प्रगति पर महाराजपुर सीएमओ को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नप सटई एवं बक्सवाहा को ई केवायसी वेरीफिकेशन पर काम करने के लिए कहा। कलेक्टर ने पीएम आवास 2.0 में नपा छतरपुर, नप घुवारा, नप गढ़ीमलहरा को पीएम आवास के सत्यापित आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। एवं सत्यापित आवेदनों की संख्या अधिक होने पर एवं पोर्टल पर दर्ज न करने पर घुवारा सीएमओ को शोकॉज जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाईन की मई माह की ग्रेडिग अंतर्गत 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायतों में अल्पसंख्यक पिछडा वर्ग, जलसंसाधन, राजस्व विभाग एवं विशेषरूप से चंदला, हरपालपुर, नौगांव सीएमओ को लंबित शिकायतों के निराकरण करते हुए ग्रेडिंग सुधार के निर्देश दिए।

**जल निगम को ओएचटी, डब्ल्यूटीपी एवं घरेलू नल कलेक्शन के कार्य में गति बढ़ाने के निर्देश**

कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के तहत न्यू फॉर्म पॉण्ड, न्यू डग बेल, अमृत सरोवरों एवं ओल्ड एनआरएम की समीक्षा करते हुए नौगांव सीईओ को तालाबों में मजदूरों की मस्टर रोल बढाने और न्यूनतम 50 श्रमिकों को कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए। एवं नए डगवेल निर्माण कार्यों में बक्सवाहा, बीजावर और बड़ा मलहरा जनपद के सीईओ को विशेषरूप से प्रगति बढाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए ओएचटी, डब्ल्यूटीपी के कार्यों की धीमी प्रगति एवं घरेलू नल कलेक्शन खराब स्थिति पर नाराजगी जताते हुए जल निगम महाप्रबंधक को कार्यों की गति बढ़ाने और कार्य की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि सागर कबरई परियोजना में अब तक कुल अवार्ड घोषित किए जा चुके हैं, लेकिन अंश निर्धारण के बाद मुख्यालय को रिक्विजिशन नहीं भेजे जाने पर एनएचएआई के संबंधित अधिकारी पर नाराजगी जताई और एनएचएआई निदेशक को पत्र लिखने और सभी एसडीएम को भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

**अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर वृहद योग कार्यक्रम की तैयारियों के लिए निर्देश**

कलेक्टर श्री जैसवाल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान सभी नगर पालिका, जनपद पंचायत एवं नगर परिषद को विस्तृत कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों से अपनी मां की स्मृति या सम्मान में एक पौधा लगाने का आग्रह किया जाएगा। पौधों की आपूर्ति किस नर्सरी से होगी, रोपण कहां किया जाएगा, देखरेख की जिम्मेदारी किसकी होगी। इस संपूर्ण प्रक्रिया की रूपरेखा तय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शिक्षा विभाग को योग सत्र आयोजित कराने की जिम्मेदारी दी गई है जिसके लिए उन्होंने निर्देशित किया कि इस वर्ष भी योग का आयोजन खजुराहो के पश्चिमी मंदिर समूह परिसर में भव्य रूप से किया जाएगा।

**ई ऑफिस के माध्यम से फाईलों का तेजी से होगा डिस्पोजल**

कलेक्टर ने शसकीय कार्यालयो में ई ऑफिस प्रणाली की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि सभी कार्यालयों में फाइल मूवमेंट केबल ई ऑफिस के माध्यम से ही होगा। फिजिकल फाइल मूवमेंट को चरणबद्ध रूप से समाप्त किया जाएगा जिससे कार्य में पारदर्शिता एवं गति सुनिश्चित हो सकेगी।

26 मई से 20 जून 2025 तक जिले में सेवानिवृत्त एवं मृत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को विगत 2 वर्षों में सेवनिवृत्त एवं मृत शसकीय सेवको की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। जिससे इनके पेंशन, अवकाश के नगदीरण एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करने के निर्देश दिए।



**बिलहरी गोलीकांड को लेकर दूसरे दिन भी नौगांव में रहा तनाव**

# अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन निष्पक्ष जांच की मांग

छतरपुर।

नौगांव थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव में राशन दुकान पर हुए गोलीकांड का मामला सोमवार को भी चर्चा में रहा। मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और भीम आर्मी के साथ जिला अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की, जिसे पुलिस ने रोका। परिजनों की मांग थी कि आरोपियों की गिरफ्तारी और काउंटर केस न बनाने तक पोस्टमार्टम नहीं होगा। वहीं, अधिवक्ताओं ने इस मामले में एक अधिवक्ता पर दर्ज केस को गलत बताते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की।

उल्लेखनीय है कि घटना रविवार सुबह बिलहरी ग्राम पंचायत की राशन दुकान पर हुई, जहां राशन लेने गए पंकज प्रजापति (19) और आशीष प्रजापति को गोली मार दी गई थी। राशन दुकान अधिवक्ता प्रवीण पटैरिया के घर पर संचालित थी, जहां सेल्समैन से राशन को लेकर विवाद हुआ। प्रवीण ने कथित तौर पर मारपीट की और अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी, जिससे पंकज की कमर और आशीष के पैर में गोली लगी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने अभी तक आरोपियों को नहीं पकड़ा और काउंटर केस बनाने की कोशिश कर रही है। सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए परिजन तैयार नहीं थे और उन्होंने भीम आर्मी के साथ जिला अस्पताल के बाहर हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान एक युवक ने खुद पर पेट्रोल डाल लिया, लेकिन नौगांव थाना प्रभारी और पुलिस बल ने उसे तुरंत पकड़कर अनहोनी टाल दी।

**अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन निष्पक्ष जांच की मांग**

नोटः इस समाचार के साथ फोटो 08 लगाएं।

वहीं, जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने बिलहरी गोलीकांड को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओं का कहना है कि पुलिस ने इस मामले में अधिवक्ता नवीन पटैरिया पर गलत तरीके से केस दर्ज किया है, जबकि उनका घटना से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जांच में पारदर्शिता नहीं बरती गई, तो वे आगे आंदोलन करेंगे। पुलिस ने ज्ञापन स्वीकार कर लिया है और जांच का आश्वासन दिया है।

## अग्निवीर की ट्रैनिंग पूर्ण कर गृह ग्राम लौटे शैलेन्द्र सिंह का हुआ भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ

भारतीय सेना में अग्निवीर सैनिक में भर्ती हुए कुलुवा (दिनारी) निवासी कृषि कार्य करने वाले पूरन सिंह लोधी के पुत्र शैलेन्द्र सिंह जैसे ही अपने घर वापिस लौटे तो सभी ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। माता बहनो ने गाँव में प्रवेश करते ही अपने सैनिक की आरती उतार कर बड़े ही धूमधाम से अभिनंदन किया।

# कबाड़ी मोहल्ले के शातिर तस्कर के घर में पुलिस की दबिश, 455 शीशी नशीली सिरप बरामद, पांच मामलों में फरार आरोपी गिरफ्तार

रीवा।

शहर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक सफलता हाथ लगी है। शहर के कबाड़ी मोहल्ले में दबिश के दौरान पुलिस ने एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार कर उसके घर से भारी मात्रा में नशीली सिरप जब्त की है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ पहले से ही कई थानों में आपराधिक प्रकरण दर्ज थे और वह लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था, मिली जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर सूचना मिली थी कि कबाड़ी मोहल्ले में स्थित एक मकान में अवैध रूप से नशीली दवाओं का भंडारण किया गया है। सूचना की पुष्टि होते ही पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देश पर सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद राठौर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तत्परता दिखाते हुए बताए गए स्थान पर छापा मारा, जहां मासूम लोनिया नामक युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के घर से चार पेटियों में छिपाकर रखी गई 455 शीशी नशीली सिरप बरामद की गई। बरामद सिरप की अनुमानित बाजार कीमत एक लाख रुपये के आसपास आंकी गई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह इन सिरप की सप्लाई आसपास के इलाकों में करता था। पुलिस को शक है कि इस नेटवर्क में कई अन्य लोग भी शामिल हो सकते हैं। बताया जा



रहा है कि मासूम लोनिया के खिलाफ पहले से ही सिटी कोतवाली और सिविल लाइन थाना क्षेत्रों में दो-दो मामले दर्ज हैं। इन सभी मामलों में वह फरार चल रहा था। पुलिस को उसकी काफी समय से तलाश थी। गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ताकि इस नशा कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी हासिल की जा सके। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ नियंत्रण अधिनियम एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर किया है। बॉक्स सड़क पर लावारिस हालत में मिली 73 शीशी कफ सिरपसिटी कोतवाली पुलिस ने लावारिस हालत में नशीली सिरप बरामद की है। थाना पुलिस गश्त कर रही थी, तभी कबाड़ी मोहल्ले के समीप सड़क पर एक बोरी में भरी नशीली सिरप बरामद हुई। उसमें 73 शीशी रखी रखी हुई थी। आशंका जताई जा रही कि तस्कर नशीली सिरप लेकर जा रहे थे और पुलिस की गाड़ी देखकर उसे रास्ते में फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने नशीली सिरप को जब्त कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों की तलाश कर रही है। सीसीटीवी फुटेज आने के बाद मामले में एक बड़ा खुलासा हो सकता है। बॉक्स कार्रवाई के बावजूद पुलिस की भूमिका संदिग्धबता दें सिविल लाइन थाना के चंद मीटर दूरी पर स्थित कबड्डी मोहल्ले में दशकों से यह अवैध नशे का कारोबार संचालित हो रहा है, जिसमें कई बड़े तस्करों के साथ महिलाओं सहित नाबालिक युवक भी संलिप्त पाए गए है,वही समय-समय पर पुलिस द्वारा करवाई अभी नजर आ रही है, किंतु आज तक यह नशे का कारोबार पूर्ण रूप से बंद नहीं हुआ, जिससे अब पुलिस की भूमिका भी संदिग्ध नजर आ रही है, दशकों से संचालित अवैध कारोबार में सिविल लाइन थाने के कुछ गंगा पुलिसकर्मी सहित कुछ घाघ यूट्यूब पत्रकारों की भी भूमिका संदिग्ध है, जिनके संरक्षण में यह पूरा कारोबार संचालित हो रहा है। सूत्रों की माने तो विगत कुछ माह पहले इन नशे के कारोबारी द्वारा कुछ पुलिसकर्मियों पर भी हमला कर मारपीट की गई थी।

# अवैध खाद कारोबार का पर्दाफाश, 230 बोरी जब्त, दो गिरफ्तार, पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### नकली या प्रतिबंधित खाद की जांच शुरू

रीवा



जिले में प्रतिबंधित और संदिग्ध रासायनिक खाद के अवैध भंडारण व तस्करी के नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है। चोरहटा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक ट्रक को रोककर कार्रवाई की, जिसमें बिना किसी वैध दस्तावेज के लदी 70 बोरियां संदिग्ध खाद पाई गईं। इसके बाद गहन पूछताछ और छापेमारी में एक निजी गोदाम से 160 बोरियों का बड़ा जखीरा बरामद किया गया। दोनों जगह से कुल 230 बोरियां जब्त की गई हैं। मामले में ट्रक चालक और गोदाम मालिक को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, चोरहटा थाना पुलिस को एक ट्रक में संदिग्ध खाद के परिवहन की सूचना मिली थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ट्रक को बायपास मार्ग पर रोका। पूछताछ में चालक कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। ट्रक में 70 बोरियों की खेप भरी हुई थी, जिन्हें एक स्थानीय गोदाम से लोड किया गया था। ट्रक चालक की निशानदेही पर पुलिस ने बरा कोठार बायपास क्षेत्र स्थित गोदाम पर छापा मारा। वहां भी बिना लाइसेंस और दस्तावेज के खाद का भंडारण किया जा रहा था। गोदाम से डीएपी, फास्टेट और अन्य रासायनिक खाद की करीब 160 बोरियां जब्त की गईं। पुलिस ने जब गोदाम संचालक विकास गुप्ता से कागजात मांगे, तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका,पुलिस इस पूरे मामले की जांच दो प्रमुख एंगल से कर रही है। पहली संभावना यह है कि यह प्रतिबंधित खाद पड़ोसी राज्यों से तस्करी कर लाई गई है और रीवा में अवैध तरीके से बेची जा रही थी। दूसरी आशंका नकली खाद की है यानी नामी कंपनियों के लेबल लगाकर घटिया माल बाजार में उतारा जा रहा था। फिलहाल, खाद के नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं, जिनकी रिपोर्ट से स्पष्ट होगा कि यह खाद असली है या मिलावटी।बॉक्स रैकेट का हो सकता है बड़ा नेटवर्कपुलिस को शक है कि यह महज एक छोर है और इसके पीछे एक संगठित रैकेट काम कर रहा है। ट्रांसपोर्ट, गोदाम और बिक्री से जुड़े कई लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

# उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने बाढ़ नियंत्रण के लिए किया विचार

### मंथन वर्षा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ तत्काल उपलब्ध कराएं बांधों के भरने के प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन होगा




**रीवा।** जिले के त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विचार मंथन किया। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने कहा कि मध्यप्रदेश की टमस तथा उत्तरप्रदेश की बेलन नदियों के जल क्षेत्र में लगातार भारी वर्षा होने पर त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता है। बाढ़ से बचाव और स्थिति पर नियंत्रण के लिए दोनों राज्यों के अधिकारी वर्षा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ तत्काल एक-दूसरे को उपलब्ध कराएं। बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कंट्रोल रूम तत्काल शुरू कर दें। बाढ़ नियंत्रण से जुड़े प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर फोन नम्बर अपडेट कर लें। लगातार वर्षा की स्थिति में बांधों के जल स्तर तथा वर्षा की मात्रा के संबंध में हर घंटे जानकारी साझा करें। लगातार सम्पर्क और समन्वय से किसी भी आपात स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करें। जल प्रबंधन की कमी के कारण किसी भी क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप नहीं होना चाहिए। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल कमिश्नर मिर्जापुर बीके त्रिपाठी ने कहा कि सिंचाई के लिए बांधों में पानी के संग्रहण के साथ-साथ आमजनता को बाढ़ से सुरक्षित रहने पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। मेजा, सिरसी तथा अदवा बांधों में जल भराव में जल संसाधन विभाग के निर्धारित प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। बांधों से यदि आपात स्थिति में पानी छोड़ने की आवश्यकता हुई तो निचले इलाकों में समय पर सूचना दी जाएगी। दोनों राज्यों के अधिकारी टमस नदी के जल प्रवाह और बेलन नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए समन्वय से प्रयास करेंगे। हम त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ न आए इसके लिए पूरी सावधानी बरतेंगे। वर्षा की स्थिति और अनुमानों के आधार पर बाढ़ से जुड़े आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ मैदानी अमला भी एक-दूसरे के साथ सतत संपर्क में रहेगा,बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि टमस एक्वाडक्ट और बियर बांध में अधिक मात्रा में पानी आने पर टमस नदी के जलग्रहण क्षेत्र में जल स्तर में तेजी से वृद्धि होती है और त्योंथर क्षेत्र के 100 से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा पैदा हो जाता है। इस बियर बांध से जल निकासी की समुचित प्रबंधों की आवश्यकता है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी एक-दूसरे के संपर्क में रहकर सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं समय पर दें तथा कंट्रोल रूम को भी लगातार स्थिति से अवगत कराएं। बैठक में चीफ इंजीनियर जल संसाधन विभाग अशोक कुमार डेहरिया ने कहा कि गत वर्षों के अनुभव तथा वर्षा की स्थिति के अनुसार बाढ़ नियंत्रण की कार्ययोजना तैयार की गई है। इससे जुड़े अधिकारियों के फोन नम्बर का व्हाट्सएप ग्रुप बना लिया गया है। अदवा, सिरसी और मेजा बांधों को भरने के प्रोटोकाल का यदि पालन करेंगे तो बाढ़ की स्थिति नहीं आएगी। बांधों को अधिकतम स्तर में भरने के लिए वर्षा के अंतिम चरण तक प्रतीक्षा करनी चाहिए। टमस और बेलन नदी के जल ग्रहण क्षेत्रों में लगातार भारी बारिश होने पर दोनों राज्यों के अधिकारी बांधों से पर्याप्त अंतराल से पानी छोड़कर बाढ़ की स्थिति पर बहुत हद तक नियंत्रण कर सकते हैं। उन्होंने बाढ़ से निपटने के लिए किए गए प्रबंधों की बिन्दुवार जानकारी दी।

बैठक में अपर कमिश्नर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, कार्यपालन यंत्री मनोज तिवारी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री अमरदीप त्रिपाठी, संभागीय कमाण्डेंट होमगार्ड महेशचन्द्र पंद्रे तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोनभद्र, मिर्जापुर जिलों के प्रशासनिक, पुलिस और जल संसाधन विभाग के अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# सीमांकन के प्रकरणों का 30 जून तक निराकरण करें

रीवा



कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों सहित आरसीएमएस में दर्ज शिकायतों के निराकरण की सीमा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिये कि सीमांकन के सभी प्रकरण 30 जून तक अनिवार्यतः निराकृत करें तथा समाधान की 50 दिवस की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करायें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कब्जे से संबंधी शिकायतों में बेदखली की कार्यवाही करते हुए निराकृत करें। स्वामित्व योजना के तहत जवा एवं त्योंथर के लंबित प्रकरणों का प्रारूप प्रकाशन कराकर निराकरण करायें। उन्होंने जिले में फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों में न्यून प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रतिदिवस समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभागीय को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को संतुष्टि पूर्वक निराकरण करायें तथा ए ग्रेड में आये तभी जिले को ए ग्रेड मिलेगा। बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये। टीएल बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को 30 जून तक पूर्ण करने तथा 15 जून तक वृक्षरोपण हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# केन्द्रीय जेल में बंदियों के लिये युग पुरोहित के प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ



*रीवा* । महानिदेशक जेल जीपी सिंह के निर्देश पर सुधारात्मक सेवाएं अन्तर्गत केन्द्रीय जेल में परिरुद्ध बंदियों को युग पुरोहित का प्रशिक्षण आरंभ किया गया है। जेल अधीक्षक केन्द्रीय के विशेष प्रयास से गायत्री परिवार के आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन में परिरुद्ध बंदियों का युग पुरोहित का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में 30 बंदी सम्मिलित हुये । प्रशिक्षण के दौरान गायत्री शक्तिपीठ के आचार्यों द्वारा बंदियों को मानसिक एवं आध्यात्मिक शांति, विभिन्न श्लोकों के दैनिक वाचन तथा गायत्री मंत्र के नियमित पाठन से प्राप्त होने वाली ऊर्जा के संबंध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर योगेन्द्र पमार उप जेल अधीक्षक, राजीव कुमार तिवारी शिक्षक की विशेष भूमिका रही। प्रशिक्षण के दौरान गायत्री परिवार ट्रस्ट गायत्री शक्तिपीठ के आचार्यों देवेश मिश्रा, रामयत्न मिश्रा, अनिल मिश्रा, रमेश श्रीवास्तव के साथ सतीश कुमार उपाध्याय जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले उप जेल अधीक्षक, श्रीमती पूजा मिश्रा सहायक जेल अधीक्षक, स्वदीप सिंह उपस्थित रहे।

# पुलिस ने बकरियों से भरा ट्रक पकड़ा, 6 गिरफ्तार बिछिया पुलिस ने की कार्रवाई

रीवा

शहर के बिछिया थाना पुलिस ट्रक में लोड कर ले लाई जा रही बकरियों को पुलिस ने जप्त किया है। बता दे नियम विरुद्ध तरीके से परिवहन कर रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। सीधी तरफ से ट्रक से बकरियों को लाया जा रहा था। सूचना मिलते ही बिछिया पुलिस ने घेराबंदी कर दी। टोल प्लाजा के समीप ट्रक को रोक लिया। ट्रक में मौजूद आरोपियों से बकरियों के परिवहन से जुड़े दस्तावेज मांगे गए तो उन्होंने दस्तावेज पेश नहीं किए। ट्रक में कूर तरीके से 450 बकरियों को रखा गया था, जिनमें कई बकरियों की हालत काफी खराब थी। पुलिस ट्रक को थाने ले आई। उसमे लोड बकरियों को



नीचे उतारकर उनको सुरक्षार्थ गौशाला में रखवा दिया गया। ट्रक में सवार 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने बताया, ट्रक में लोड बकरियों को बरामद किया गया था। जांच की जा रही है। जांच के तथ्य के उस आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले चोरहटा थाने की पुलिस ने भी एक पशु तस्कर का वाहन जब्त किया था, जिसके बाद तस्कर ने दस्तावेज प्रस्तुत न कर पाने पर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे। **गिरफ्तार आरोपी:** मोहम्मद असलम (30) पिता जकीर हुसैन निवासी बेलहा,इंसाफ मोहम्मद (34) पिता मरहूम दीन मोहम्मद निवासी बेलहा थाना चुरहट,वनस्पति यादव पिता जगन्नाथ यादव निवासी सतरोही थाना रामपुर नैकिन,मोहम्मद सहवाज (18) पिता मोहम्मद मूसा निवासी सतरोही,मोहम्मद रसीद (35) पिता मोहम्मद जमीर निवासी सतरोही,अरुण सिंह (26) पिता बबलू सिंह गोड निवासी हनुमानगढ़ थाना चुरहट।

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक की मौत दूसरा घायल, विश्वविद्यालय थाना के इटौरा बाईपास में हुआ हादसा

**रीवा** । शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार-रविवार की मध्य रात्रि करीब दो बजे बाईपास के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार ठोकर मारी है। इस सड़क हादसे में बाइक चला रहे एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरे का गंभीर स्थिति में उपचार कराया जा रहा है। बाइक सवार युवक लौआ से खैरा स्थित नईबस्ती के लिए निकले थे तभी इटौरा बाईपास के समीप हादसे का शिकार हो गये। मृतक की पहचान कोलहई लालगांव निवासी संदीप साकेत के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि संदीप अपने साथी सतीश साकेत को खैरी चोरहटा छोडने बाइक से जा रहा था। घटना देर रात तकरीबन 2 बजे उस वक्त हुई जब बाइक सवार दोनों युवक इटौरा बाईपास के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए।




इस घटना में संदीप साकेत की मौत हो गई है,जबकि सतीश साकेत की हालत गंभीर बनी हुई है जिसका उपचार रीवा के संजय गांधी अस्पताल में चल रहा है।बॉक्स अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आया बाइक सवार, मौतजिले के गोविंदगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बाइक सवार युवक उस वक्त असमय काल के गाल में समा गया जब पीछे से आये तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान अमरीश कोल निवासी बांसा के रूप में की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद गोविंदगढ़ पुलिस मौके पहुंची थी। जहां से गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल भेजा गया लेकिन उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक अमरीश कोल बाइक में सवार होकर अपने गांव बांसा की ओर जा रहा था तभी तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित हो गया जिसकी चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है और घटना के संबंध में जांच कर रही है।

# सीमेंट से लदा ट्रक बीच रास्ते में छोड़ चालक फरार, 200 बोरी गायब, मालिक की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस



रीवा। सतना से आजमगढ़ के लिए रवाना हुआ सीमेंट से भरा एक ट्रक रहस्यमय हालात में बीच रास्ते में लावारिस हालत में खड़ा मिला। ट्रक चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया है, वहीं ट्रक से करीब 200 बोरी सीमेंट गायब पाई गई है। वाहन मालिक की शिकायत पर स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 19 एचए 5415 में सीमेंट की बड़ी खेप लोड कर उसे उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ पहुंचाना था। लेकिन तय समय सीमा बीतने के बाद भी जब वाहन गंतव्य तक नहीं पहुंचा तो ट्रक मालिक को शंका हुई। उन्होंने तत्काल वाहन की तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद ट्रक गढ़ क्षेत्र के पास एक ढाबे के समीप लावारिस हालत में खड़ा मिला। जब ट्रक की जांच की गई तो उसमें लोड की गई सीमेंट की करीब 200 बोरियां नदारद थीं। चालक सुनील तिवारी मौके से गायब मिला, जिसकी तलाश अब तक जारी है। मालिक ने घटना की जानकारी संबंधित थाने में दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस इसे गबन और अमानत में खयानत का मामला मान रही है और चालक की तलाश में टीमें सक्रिय कर दी गई हैं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सीमेंट की यह बोरियां कहां बेची गईं और इस पूरे घटनाक्रम में किसी और की संलिप्तता तो नहीं है। फिलहाल, ट्रक मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

# हनुमना पुलिस ने अवैध कफ सिरप की तस्करी करते 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार




**मऊगंज।** जिले के हनुमनाथाना प्रभारी निरी.अनिल काकडे के नेतृत्व में हनुमना पुलिस टीम ने 78 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप की तस्करी करते 03 आरोपियों को किया गिरफ्तार।थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति लाल रंग की बिना नंबर की मोटरसाइकिल से ड्रामलगंज मिर्जापुर (उ.प्र.) तरफ से हनुमना की ओर अवैध नशीली कफ सिरप की खेप लेकर मऊगंज आ रहा हैं। जिससे हनुमना पुलिस ने बड़कुडा तिराहा पर घेराबंदी की। कुछ समय बाद बताए अनुसार लाल रंग की मोटरसाइकिल पर आती दिखाई दी जिसे रोककर तलाशी ली गई, जिसमे अवैध नशीली कफ सिरप पाई गई।पूछताछ में नाम पुछने पर उसने अपना नाम पुष्पेंद्र मिश्रा पिता राजकुमार मिश्रा उम्र 23 वर्ष निवासी भैसोड़ बलाय पहाड़ थाना ड्रामलगंज जिला मिर्जापुर (उ.प्र.) बताया। आरोपी पुष्पेंद्र मिश्रा ने पूछताछ में बताया कि वह अपने अन्य दो साथियों — अमरनाथ पिता रामजतन उम्र 33 वर्ष निवासी पटेहरा थाना ड्रामलगंज जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश का होना बताए जिनके संयुक्त कब्जे से 78 शीशी कफ सिरप जप्त कर जिनसे पूछने पर अवैध नशीली कफ सिरप कहा से लाए तब बताए कि और लवकुश राय पिता महादेव राय उम्र 40 वर्ष निवासी चंद्रगढ़ मुडेल ड्रामलगंज जिला मिर्जापुर उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर प्रकरण के अनुसार गिरफ्तार कर तीनों आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर थाना डुमरियागंज जिला सिद्धार्थनगर (उ.प्र.) से संपर्क कर उन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया।

# ग्राम पंचायत सगहन कला में लगाए गए भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोप निराधार

### पंचायत पदाधिकारियों ने दी सफाई

मऊगंज

जिले हनुमना तहसील की ग्राम पंचायत सगहन कला से जुड़े सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक पर लगे भ्रष्टाचार एवं अनियमितता के आरोपों को लेकर पंचायत पदाधिकारियों ने अपना पक्ष स्पष्ट करते हुए सभी आरोपों को निराधार एवं भ्रामक बताया है।पंचायत सचिव इन्द्रजीतराम मिश्रा द्वारा बताया गया है कि ग्राम पंचायत के सभी कार्य नियमानुसार तथा ग्रामसभा की सहमति से किए जा रहे हैं। जो भी आरोप लगाए गए हैं कि ग्रामसभा नहीं होती या फर्जी प्रस्ताव बनाकर कार्य कराए जा रहे हैं, वे भ्रामक हैं। पंचायत की प्रत्येक बैठक की कार्यवाही रजिस्टर में दर्ज है तथा ग्रामसभा मे जनता की उपस्थिति में




निर्णय लिए जाते हैं।प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में सचिव ने बताया कि हितग्राहियों का चयन पात्रता सूची के अनुसार किया गया है, तथा किसी भी प्रकार की अवैध धनराशि की मांग पंचायत स्तर से नहीं की गई है। यदि किसी ने इस तरह की शिकायत की है, तो वह पूरी तरह असत्य एवं दुर्भावनापूर्ण है।ईंट, गाटर एवं अन्य सामग्रियों की नीलामी की प्रक्रिया भी नियमानुसार की गई है। सचिव ने कहा कि नीलामी की आय का उपयोग पंचायत कार्यों में पारदर्शिता के साथ हुआ है और इसका लेखाजोखा पंचायत कार्यालय में उपलब्ध है।सरपंच और सचिव ने आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि पेवर ब्लॉक का कार्य तकनीकी मानकों के अनुरूप कराया गया है। यदि किसी को कोई तकनीकी आपत्ति है तो वह संबंधित विभाग से परीक्षण करवा सकता है।अशिक्षित सरपंच का फायदा उठाने के आरोप पर सचिव ने कहा कि यह आरोप न केवल निराधार है बल्कि एक आदिवासी जनप्रतिनिधि का अपमान भी है। सरपंच को लोकतांत्रिक तरीके से जनता ने चुना है और वे ग्रामहित में पूरी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं।ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा यह भी स्पष्ट किया कि उक्त आरोप कुछ असंतुष्ट लोगो ने लगाए गए हैं, जिनका पंचायत कार्यों में कोई योगदान नहीं है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन ऐसे झूठे आरोप लगाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करे, जिससे भविष्य में कोई भी जनप्रतिनिधि और पंचायत कर्मी बिना कारण बदनाम न हो।